ANNUAL ADMINISTRATIVE REPORT

वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन

YEAR : 2010-2011

(1-4-2010 TO 31-03-2011)

वर्ष : 2010-2011

(1-4-2010 से 31-03-2011)

DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT
HIMACHAL PRADESH
SHIMLA- 171009

ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश,

शिमला–1 7 1 0 0 9

विषय सूची

क्रम संख्या		पृष्ठ संख्या
1.	ग्रामीण विकास और निर्धनता उन्मूलन	1-4
2.	ग्रामीण विकास विभाग का प्रशासनिक ढांचा	4-6
3.	ग्रामीण विकास विभाग की तकनीकी सेवायें	6
4.	कर्मचारी पद्धति (स्टाफिंग पैर्टन)	6-7
5.	विभाग के कार्य/ गतिविधियां	7-9
6.	राज्य स्तरीय अनुश्रवण एवं मुल्यांकन प्रकोष्ठ	9-10
7.	ग्रामीण विकास कार्यक्रम / योजनाएं	10
	1. सामुदायिक विकास कार्यक्रम	10
	2. स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना	10-13
	3. स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विशेष परियोजनाएं	14-22
	4. माहत्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम	22-28
	5. इन्दिरा आवास योजना	29-30
	6. अटल आवास योजना	30-31
	7. राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना	31-32
	8. मातृ शक्ति बीमा योजना	32-33
	9. जलागम विकास परियोजनाएं	34-39
	10. सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान	39-42
8.	सूचना का अधिकार अधिनियम	43

1. ग्रामीण विकास और निर्धनता उन्मूलन

ग्रामीण विकास और गरीबी उन्मूलन देश की स्वतन्त्रता के पश्चात से ही प्रमुख समस्याएं रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए 2 अक्तूबर,1952 से देश भर में सामुदायिक विकास कार्यक्रम आरम्भ किया गया जिसका मुख्य उद्देष्य जन–सहयोग से ग्रामीण विकास को सम्भव करना था। विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रारूपीकरण तथा कार्यान्वयन के लिए विकास खण्डों का सृजन किया गया।

वर्ष 1999, तक स्वरोजगार योजनाएं आई0आर0डी0पी0, ट्राईसम, डवाकरा, ग्रामीण दस्तकारों के लिए उन्नत औजार प्रदान करने की योजना, दस लाख कूप योजना और गंगा कल्याण योजना कार्यान्वित की जा रहीं थी। परन्तु 1.4.1999 से ये योजनाएं स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना में समेकित कर दी गई। इसी प्रकार जवाहर ग्राम समृद्दि योजना और सुनिश्चित रोजगार योजना भी चलाई जा रही थी। परन्तु 1.4.2002 से ये योजनाएं सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में समेकित कर दी गई है।

स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना वर्ष 1999–2000 से आरम्भ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्धेश्य गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के सदस्यों को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए विभिन्न आयवर्धक गतिविधियां शुरू करने हेतु अनुदान एवं ऋण प्रदान करना है। इस योजना में स्वरोजगार के सभी पहलुओं जैसे ग्रामीण निर्धनों को समूहों में गठित करना, उनकी कार्य क्षमता को बढाना, समूह गतिविधियों का नियोजन, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना, ऋण तथा विपणन इत्यादि को सम्मिलित किया गया है।

सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना, 1.4.2002 को आरम्भ की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिसम्पत्तियों का सृजन करना और अधोसंरचनात्मक विकास के साथ–साथ अन्न सुरक्षा व ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी रोजगार प्रदान करना है। अब उक्त योजना को 2 फरवरी, 2006 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में चरणबद्ध तरीके से सम्मिलित किया गया है।

संसद ने सितम्बर, 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। इस अधिनियम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ऐसा परिवार, जिसके सदस्य स्वेच्छा से अकुशल शारीरिक कार्य करने हेतु आगे आते हैं, को प्रत्येक वित्त वर्ष में 100 दिन का मजदूरी रोजगार प्रदान करने का प्रावधान है। यह अधिनियम 2 फरवरी, 2006 से उन जिलों में लागू हुआ जिन्हें भारत सरकार ने नामित किया था। हिमाचल प्रदेश में जिला चम्बा

और सिरमौर को इस योजना के अन्तर्गत लाया गया था। 1 अप्रैल, 2007, से द्वितीय चरण में जिला कांगड़ा व मण्डी को भी इस योजना के अन्तर्गत लाया गया है। हिमाचल प्रदेश के अन्य 8 जिलों को 1 अप्रैल, 2008 चरणबद्ध तरीके से इस अधिनियम के अन्तर्गत लाया गया है।

इसके अतिरिक्त सूखा ग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, एकीकृत परतीभूमि विकास परियोजना, मरूस्थल विकास कार्यक्रम, इन्दिरा आवास योजना, सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान तथा राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना इत्यादि का केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के रूप में कार्यान्वयन किया जा रहा है।

विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के विभिन्न स्तरों पर नियोजन तथा कार्यान्वयन में पंचायती राज संस्थाओं को सम्मिलित किया जा रहा है, ताकि इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत उपलब्ध सुविधाओं को पात्र व्यक्तियों तक पंहुचाया जा सके।

गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को विकास के लिए चलाए जा रहे विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए विकास खण्ड़ एक महत्त्वपूर्ण इकाई है।

जिलावार विकास खण्ड़ों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

क्र0सं0	जिला का नाम	विकास खण्ड़ का नाम
1.	बिलासपुर	1. बिलासपुर (सदर)
		2. घुमारवीं
		3. झण्डूता
2.	चम्बा	1. चम्बा
		2. मैहला
		3. सलूणी
		4. तीसा
		5. भटियात
		6. पांगी
		7. भरमौर
3.	हमीरपुर	1. हमीरपुर
		2. बिझड़ी
		3. भोरंज
		4. नादौन
		5. सुजानपुर टीहरा
		6. बमसन
4.	कांगड़ा	1. बैजनाथ
		2. भवारना
		3. पंचरूखी

		4. लम्बागांव
		5. नगरोटा बगवां
		6. नगरोटा सूरियां
		7. कांगड़ा
		8. रैत
		9. नूरपुर
		10. इन्दौरा
		11. देहरा
		12. प्रागपुर
		13. फतेहपुर
		14. सुलह
		15. धर्मशाला
5.	किन्नौर	1. कल्पा
		2. निचार
		3. पूह
6.	कुल्लू	1. नग्गर
		2. कुल्लू
		3. बंजार
		4. आनी
		5. निरमण्ड
7.	लाहौल स्पीति	1. लाहौल स्थित केलांग
		2. स्पिति स्थित काजा
8.	मण्डी	1. मण्डी (सदर)
		2. बल्ह
		3. सुन्दरनगर
		4. करसोग
		5. गोहर
		6. गोपालपुर
		7. द्रंग
		8. चौंतड़ा
		9. धर्मपुर
		10. सिराज
9.	शिमला	1. मशोबरा
		2. ठियोग
		3. नारकण्डा
		4. रामपुर
		5. चौपाल
		6. जुब्बल–कोटखाई
		7. रोहडू
		8. छौहारा
		9. बसंतपुर

		10.	ननखडी
10.	सिरमौर	1.	पच्छाद
		2.	नाहन
		3.	शिलाई
		4.	संगड़ाह
		5.	पावंटा
		6.	राज़गढ़
11.	सोलन	1.	कण्डाघाट
		2.	कुनिहार
		3.	धर्मपुर
		4.	सोलन
		5.	नालागढ़
12.	ऊना	1.	बंगाणा
		2.	अम्ब
		3.	गगरेट
		4.	ऊना
		5.	हरोली

2. ग्रामीण विकास विभाग का प्रशासनिक ढांचा

हिमाचल में विभिन्न विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग का ढांचा निम्नलिखित हैः–

राज्य स्तर परः–

राज्य स्तर पर ग्रामीण विकास विभाग, प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास के पूर्ण नियन्त्रण में कार्य कर रहा है तथा उनके सहयोग के लिए निदेशक–एवं–विशेष सचिव, अतिरिक्त निदेशक–एवं–अतिरिक्त/संयुक्त सचिव(ग्रा0वि0) कार्यरत हैं। राज्य स्तर पर निम्नलिखित कक्ष कार्य कर रहे हैंः–

(1) **राज्य स्तरीय मूल्यांकन एवं अनुश्रवण प्रकोष्ठ**

उप–निदेषक (ग्रा0वि0) प्रकोष्ठ का कार्यक्रम अधिकारी है।

(2) **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम**

उप निदेषक (सां0) तथा सहायक निदेषक (मनरेगा) प्रकोष्ठ के कार्यक्रम अधिकारी हैं।

(3) **राज्य स्तरीय नोडल संस्था (जलागम)**

परियोजना निदेषक, प्रकोष्ठ के कार्यक्रम अधिकारी है।

(4) **सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान**

सहायक निदेषक (टी0एस0सी0) प्रकोष्ठ के कार्यक्रम अधिकारी है।

जिला स्तर परः–

जिला स्तर पर सभी विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों को उत्तरदायी बनाया गया है। जिलाधीश ग्रामीण विकास अभिकरणों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नामित किये गये हैं । परियोजना निदेशक, परियोजना अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी (स्वरोजगार) सहायक परियोजना अधिकारी (महिला) सहायक परियोजना अधिकारी, (जलागम) परियोजना अर्थशास्त्री, अधीक्षक, सांख्यकीय अन्वेक्षक, वरिष्ठ सहायक, लिपिक व सेवादार उन्हे अभिकरण के कार्यो के निष्पादन में सहयोग प्रदान करते हैं। जिलाधीशों को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की सभी कार्यकारी शक्तियां प्रदान की गई हैं । इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर अध्यक्ष, जिला परिषद् की अध्यक्षता में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की एक शासकीय निकाय हैं। ये निकाय ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु उत्तरदायी हैं।

विकास खण्ड स्तर परः–

विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी निम्नलिखित संगठनात्मक ढांचे के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण करते हैः–

1. अधीक्षक
2. कनिष्ठ अभियन्ता
3. महिला समाज शिक्षा संगठक/आयोजिका
4. समाज शिक्षा एवं खण्ड योजना अधिकारी
5. वरिष्ठ सहायक (प्रगति)
6. वरिष्ठ सहायक
7. लिपिक/आशु टंकक
8. पंचायत सचिव/सहायक
9. कम्पयूटर ऑप्रेटर
10. ग्राम रोज़गार सेवक
11. ग्राम विकास संयोजिका
12. चालक

13. सेवादार

14. सफाई कर्मचारी/चौकीदार

3. ग्रामीण विकास विभाग की तकनीकी सेवायें

विभिन्न विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत किये जाने वाले निर्माण कार्य सम्बन्धित तकनीकी जानकारी प्रदान करने के आश्य से 3 पद अधिशाषी अभियन्ता, 36 पद सहायक अभियन्ता, 171 पद कनिष्ठ अभियन्ता, 3 पद मुख्य प्रारूपकारों और 24 पद प्रारूपकारों के अतिरिक्त पद सृजित किये गये हैं। राज्य स्तर पर अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता तथा दो कनिष्ठ अभियन्ताओं तथा अन्य लिपिक वर्ग के कर्मचारियों का 1 अभियान्त्रिकी प्रकोष्ठ कार्य कर रहा है। धर्मशाला, मण्डी तथा शिमला में आंचलिक कार्यालय जिसमें अधीक्षक, वरिष्ठ सहायक, आशुटंकक, लिपिक, चालक तथा सेवादार के पद सृजित किये गये हैं जो तकनीकी जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यरत है।

4. कर्मचारी पद्वति (स्टाफिंग पैटर्न)

श्रेणीवार स्वीकृत, भरे और रिक्त पदों की 31.3.2010 तक की स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

क्र0सं0	श्रेणी	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
1.	उप –निदेशक	1	1	-
2.	खण्ड विकास अधिकारी	96	95	1
3.	प्रशासनिक अधिकारी	1	--	1
4.	अधिशाषी अभियन्ता	3	3	--
5.	सहायक अभियन्ता (विकास)	36	28	8
6	अधीक्षक ग्रेड–1	1	1	-
7	अधीक्षक ग्रेड–11	100	100	-
8	विकास अधिकारी (महिला कार्यक्रम)	5	5	-
9	समाज शिक्षा एवं खण्ड योजना अधिकारी	80	71	09
10	पंचायत सचिव	1208	787	421
11	कनिष्ठ अभियन्ता	171	146	25
12	वरिष्ठ सहायक	185	185	...
13.	वरिष्ठ सहायक (प्रगति)	77	77	...
14.	अन्वेषक	2	2	—
15.	सांख्यिकीय सहायक	3	.....	3
16.	मुख्य प्रारूपकार	3	3	—
17.	प्रारूपकार	24	24	...

18.	लिपिक	215	133	82
19.	अशु टंकक	37	04	33
20.	कनिष्ठ आशु टंकक	02	02	--
21	वरिष्ठ आशु टंकक	01	01	--
22.	निजी सहायक	01	01	--
23.	चालक	86	86	-
24.	महिला समाज षिक्षा आयोजिका/ संगठक	79	79	--
25.	महिला ग्राम विकास संयोजिका	176	54	122
26	कनिष्ठ सिलाई अध्यापिका	23	23	--
27.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	376	304	72

5. विभाग के कार्य/गतिविधियांः–

विभाग के मुख्य कार्य इस प्रकार से हैंः–

- विभाग में विभिन्न विकास कार्यों जैसे सामुदायिक विकास, आवास योजना जैसे इन्दिरा आवास योजना और अटल आवास योजना, स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना तथा विशेष परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। इसके अतिरिक्त जलागम विकास परियोजनाएं,(आई0डब्लयू0डी0पी0, डी0डी0पी0 तथा डी0पी0ए0पी0), महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम, राष्ट्रीय परिवार लाभ कार्यक्रम भी विभाग द्वारा कार्यान्वियत किये जा रहे हैं।

कार्य

- उपरोक्त दिये गये विभाग के सभी कार्यों के लिये विभाग के विभिन्न अधिकारियों की जिम्मेवारियॉ निम्न प्रकार से हैंः–

प्रधान सचिव/सचिव ग्रामीण विकास

- प्रदेश सरकार को नीति निर्धारण एवं प्रशासकीय नियन्त्रण में सहयोग देना।

निदेशक एवं विशेष सचिव

- विभाग का पूर्ण प्रशासकीय, वित्तीय नियन्त्रण ।

अतिरिक्त / संयुक्त निदेशक ग्रामीण विकास एवं अतिरिक्त/संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास

- प्रधान सचिव (ग्रा0वि0), निदेशक ग्रामीण विकास को नीति निर्धारण, विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन तथा निदेशालय एवं क्षेत्रीय स्तर के कार्यालयों पर नियन्त्रण में सहयोग देना तथा अन्य सौंपे गए कार्य करना।

उप–निदेशक ग्रामीण विकास/ सांख्यकीय

- निदेशक महोदय को केन्द्रीय तथा राज्य के कार्यक्रम / योजनाओं के कार्यान्वयन तथा निदेशालय एवं क्षेत्रीय स्तर के कार्यालयों के प्रशासकीय नियन्त्रण में सहयोग देना तथा प्रधान सचिव एवं विशेष सचिव को नीति निर्धारण में सहयोग देना।

सांख्यिकीय अधिकारी

- उप–निदेशक सांख्यकीय को विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में सहयोग देना तथा विशेष रूप से आवधिक रिपोर्टों तथा अनुश्रवण में सहयोग देना।

उप–नियन्त्रक (वित्त एवं लेखा)

- विकास खण्ड़ों का वार्षिक निरीक्षण करना, लेखा परीक्षा रिर्पोटें तैयार करना, महालेखा परीक्षक/जनलेखा समिति के द्वारा मांगे गये पैरों के उत्तर बनाकर समायोजित करना तथा छः अनुभाग अधिकारियों के सहयोग से परामर्श हेतु मामलों में सुझाव देना।

अधिशाषी अभियन्ता (ग्रा0वि0) मुख्यालय :

- विकासात्मक कार्यों के कार्यान्वयन का टैस्ट चैक तथा निरीक्षण करना, विभिन्न विकासात्मक कार्यों/योजनाओं/कार्यक्रमों का अनुश्रवण, वित्तीय, संख्यात्मक, गुणात्मक पहलुओं को ध्यान रखते हुए करना। इसके अतिरिक्त मुरम्मत कार्यो का प्राक्कलन तैयार करना, कार्यों का निर्धारण, कार्यों के प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करना, कार्यों का निरीक्षण, प्राक्कलनों की जांच करना, निविदाओं की स्वीकृति, अनुबन्ध तैयार करना, केन्द्रीय प्रायोजित परियोजनाएं इत्यादि। इनके अधीन सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता/मुख्य प्रारूपकार/ प्रारूपकार कार्यरत हैं।

अधीक्षक ग्रेड़–I, II /सी0डी0–II, सी0डी0–III/ अधिशाषी अभियन्ता/रोकड़ एवं बजट

1. अधीक्षक शाखा.–I, II प्रशासनिक अनुभव द्वारा निष्पादित कार्यों की देखरेख।
2. तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्ग को प्रतिनियुक्त करना तथा उनके दैनिक कार्यों की देखरेख करना।

3. यह सुनिश्चित करना कि सभी सम्बन्धित सहायक सभी तरह के सहायक रजिस्टरों एवं अन्य अभिलेख का रखरखाव करें ।
4. डाक भेजना तथा नस्तियों को अनुभाग एवं उच्च अधिकारियों को भेजने हेतु उनकी देखरेख करना।
5. समयबद्ध मामलों तथा न्यायालय मामलों का समय पर निष्पादन करना।
6. यह सुनिश्चित करना कि मैनुअल, नियम, दिशा–निर्देश तथा रक्षक नस्ति, प्रेसिडेंट रजिस्टर का रखरखाव नियमानुसार किया जा रहा है।

6. राज्य स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ

हिमाचल प्रदेष सरकार ने निदेषालय स्तर पर वर्ष 1999–2000 में राज्य स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ का गठन किया है।

कार्यः– राज्य स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ का कार्य केन्द्रीय एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई गई विकासात्मक योजनाओं का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण करना है।

राज्य स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ में स्वीकृत पद निम्न प्रकार से हैंः–

क्र0सं0	पद का नाम	संख्या
1.	संयुक्त निदेषक	1
2.	उप–निदेषक (सांख्यिकीय)	1
3.	विषयवाद विषेषज्ञ	2
4.	सांख्यिकीय अधिकारी	1
5.	अधीक्षक ग्रेड–1	1
6.	सहायक अभियन्ता (विकास)	1
7.	सांख्यिकीय अन्वेषक	4
8.	सांख्यिकीय सहायक	5
9.	वरिष्ठ सहायक	4
10	प्रषासनिक अधिकारी (अंकेक्षण)	1
11.	लेखाकार /रोकड़िया	1
12.	कम्पयूटर ऑपरेटर	1
13	कनिष्ठ आषु टंकक	1
14.	लिपिक एवं टंकक	3
15.	सेवादार	2

उक्त कर्मचारियों की संख्या पहले से ही निदेषालय में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या को सम्मिलित कर के है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की मार्गनिर्देषिका के अनुसार प्रकोष्ठ का प्रषासनिक व्यय जिलों से प्राप्त (केन्द्रीय अंष + राज्य अंष) का 10 प्रतिषत में से किया जाता है।

7. ग्रामीण विकास कार्यक्रम

प्रदेश में कार्यान्वित किये जा रहे विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार से है:–

1. सामुदायिक विकास कार्यक्रमः–

सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाएं, सामुदायिक विकास की पुरानी रूपरेखा पर आधारित है, जिसके उद्वेश्य जन–समुदाय के सहयोग से भी उनका विकास करना है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचायत समितियों को सामाजिक शिक्षा एवं सामान्य शिक्षा मदों के तहत सम्बन्धिम क्षेत्रों में विकास हेतु अनुदान उपलब्ध करवाया जाता है। विकास खण्ड़ों में कर्मचारियों के लिए आवास गृह के निर्माण तथा ग्राम सेवक भवनों के निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए धन राशि उपलब्ध करवाई जाती है। ग्रामीण विकास विभाग के राज्य मुख्यालय, विकास खण्डों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया जाता है । महिला मण्डलों को प्रोत्साहित करने तथा सुदृढ करने के प्रयोजन से 'महिला मण्डल प्रोत्साहन योजना' तथा महिला मण्डलों के सदस्यों के लिए प्रोत्साहन शिविरों का आयोजन करने के लिए भी विकास खण्डों को इस कार्यक्रम के अन्तर्गत धनराशि उपलब्ध करवाई जाती है।

चालू वित वर्ष 2010–11, के दौरान इस कार्यक्रम के अधीन विभिन्न योजनाओं के लिए 1536.73 लाख रू0 31.3.2011 तक व्यय किये गये है।

2. स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोज़गार योजनाः–

स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोज़गार योजना प्रदेश में वर्ष 1999–2000 से चलाई गई। यह योजना स्वरोजगार के सभी पहलुओं जैसे गरीबों को स्वयं सहायता समूहों में गठित करना, प्रशिक्षित करना, ऋण प्रदान करना, तकनीकी सहायता प्रदान करना, सरंचनात्मक तथा विपणन सुविधाएं प्रदान करने की एक व्यापक योजना है। स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना का उद्धेश्य लाभार्थी निर्धन परिवारों को आयवर्धक परिसम्पत्तियां प्रदान करके उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर उठाना है। यह योजना ऋण एवं अनुदान की योजना है। इस योजना के अधीन

परियोजना लागत की 30 प्रतिशत राशि, जिसकी अधिकतम सीमा 7500/–रू0 है, अनुदान के रूप में दी जाती है। अनुसूचित जाति/जन–जाति के लिए यह सीमा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत है, जिसकी अधिकतम सीमा 10000/–रू0 निर्धारित है। स्वरोज़गारियों के समूह के लिए अनुदान की सीमा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत या प्रतिव्यक्ति औसतन मु0 10000 रू0 तथा अधिकतम सीमा 1.25 लाख रू0 जो भी कम हो लागू होगी। सिंचाई परियोजनाओं पर अनुदान राषि की कोई भी सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना मुख्य रूप से ग्रामीण निर्धन परिवारों को विकसित करने पर बल देती है। इस योजना के अधीन 50 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति/जन–जाति, 40 प्रतिशत महिला, 3 प्रतिषत विकलांग व 15 प्रतिषत अल्पसंख्यक होते हैं। इस योजना का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से कार्यान्वित किया जा रहा है।

वर्ष 2010–11 के दौरान जिलावार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति निम्न प्रकार से है:–

(रू0 लाखों में)

क्र0 सं0	जिला का नाम	ऋण वितरण लक्ष्य	ऋण वितरित किया गया		योग लाख रू0 में	अनुदान वितरित किया गया		योग लाख रू0 में
			समूहों को	व्यक्तिगत लाभार्थियों को		समूहों को	व्यक्तिगत लाभार्थियों को	
1.	बिलासपुर	157.94	177.11	73.79	250.90	43.69	12.39	56.08
2.	चम्बा	422.63	433.654	169.779	603.433	91.415	28.615	120.03
3.	हमीरपुर	177.77	249.10	78.91	328.01	58.99	12.73	71.72
4.	कांगड़ा	576.20	707.21	190.863	898.073	176.536	33.25	209.786
5.	किन्नौर	25.73	33.57	7.27	40.84	9.44	1.67	11.11
6.	कुल्लू	102.64	149.05	26.48	175.53	35.07	2.87	37.94
7.	लाहौल–स्पिति	21.86	9.75	17.81	27.56	2.84	5.89	8.73
8.	मण्डी	376.59	414.67	131.58	546.25	108.42	21.41	129.83
9.	शिमला	288.62	336.79	95.50	432.29	81.63	15.57	97.20
10.	सिरमौर	124.76	163.165	44.215	207.38	33.825	8.24	42.065
11.	सेलन	159.22	151.93	94.42	246.35	44.38	14.79	59.17
12.	ऊना	138.39	209.36	78.80	288.16	42.775	15.555	58.33
कुल योग		**2572.35**	**3035.359**	**1009.417**	**4044.776**	**729.011**	**172.98**	**901.991**



वर्ष 2010–11 के लिए समूहों तथा व्यक्तिगत स्वरोजगारियों की जिलावार स्थितिः–

क्र0 सं0	जिला का नाम	समूहों का गठन	समूहों द्वारा ली गई आर्थिक गतिविधियां	समूहों में कुल सदस्य				अपंग व्यक्ति	व्यक्तिगत लाभार्थी लाभान्वित				अपंग व्यक्ति
				कुल	अ0 जा0	अ0ज0 जा0	महिलाए		कुल	अ0 जा0	अ0ज0 जा0	महिलाए	
1.	बिलासपुर	55	55	439	154	11	355	0	155	72	2	50	0
2.	चम्बा	140	156	1409	495	325	611	24	662	182	82	54	14
3.	हमीरपुर	72	77	697	289	8	691	0	165	55	9	59	1
4.	कांगड़ा	203	227	2209	863	144	1914	30	338	156	47	83	10
5.	किन्नौर	9	14	102	62	40	61	0	18	12	6	4	0
6.	कुल्लू	10	50	427	247	3	202	16	33	15	1	16	0
7.	लाहौल–स्पिति	3	3	36	0	36	36	0	82	0	82	41	0
8.	मण्ड़ी	164	138	1400	571	9	1008	11	238	140	0	39	11
9.	शिमला	222	121	1068	485	0	676	5	199	80	0	37	1
10.	सिरमौर	68	56	444	195	9	393	12	99	45	5	28	6
11.	सोलन	78	53	596	305	15	526	0	183	103	10	56	2
12.	ऊना	76	48	453	123	9	380	5	163	129	7	69	2
कुल योग		**1100**	**998**	**9280**	**3789**	**609**	**6853**	**103**	**2335**	**989**	**251**	**536**	**47**



1–4–1999 से 31–3–2011 तक जिलावार गठित एवं लाभान्वित समूहों की सूची :–

क्र0सं0	जिला का नाम	आज तक कुल गठित समूह	आज तक कुल आर्थिक आयवर्धक समूहों की सूची
1.	बिलासपुर	626	395
2.	चम्बा	1520	1112
3.	हमीरपुर	738	514
4.	कांगड़ा	2279	1950
5.	किन्नौर	178	84
6.	कुल्लू	1211	411
7.	लाहौल–स्पिति	53	20
8.	मण्डी	1467	1131
9.	शिमला	1169	752
10.	सिरमौर	934	564
11.	सोलन	664	353
12.	ऊना	771	371
कुल योग		11610	7657



<u>ग्रामीण स्वरोज़गार प्रषिक्षण केन्द्रों (**R-SETIs**)की स्थापना</u>

ग्रामीण क्षेत्र में रोज़गार के अवसर प्रदान करने, स्थानीय युवाओं द्वारा स्वरोज़गार हेतु लघु उद्योग स्थापित करने तथा गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे परिवारों के सदस्यों को प्रषिक्षण प्रदान कर उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने हेतु भारत सरकार, हिमाचल प्रदेष सरकार तथा सार्वजनिक बैंक संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में एक ग्रामीण स्वरोजगार प्रषिक्षण केन्द्र (**R-SETI**) की स्थापना करने की योजना आरम्भ की गई है।

इन संस्थानों की स्थापना हेतु भूमि राज्य सरकार द्वारा सम्बन्धित अग्रणी बैंक को निःषुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रस्तावित समस्त 10 जिलों में भूमि चिन्हित की जा चुकी है तथा 8 जिलों क्रमषः बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू , मण्ड़ी, षिमला, सोलन तथा ऊना में भूमि ग्रामीण विकास विभाग के नाम स्थानान्तरित हो चुकी है जिसे अग्रणी बैंकों को पटटे पर हस्तांतरित किया गया हैं । समस्त 10 जिलों में किराये के भवनों में ग्रामीण स्वरोजगार प्रषिक्षण केन्द्र (**R-SETI**) स्थापित किए जा चुके हैं। अब तक इन संस्थानों द्वारा कुल 3730 (**APL/BPL**) युवाओं को प्रषिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इन युवाओं को स्वरोजगार के उददेष्य से ऋण सुविधा हेतु बैंको से जोड़ा जाएगा।

3. <u>स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विशेष परियोजनाएं</u>

(क) <u>हाईड्रैमों की स्थापना</u>

भारत सरकार ने स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विशेष परियोजना के तहत प्रदेश में 400 हाईड्रैमों की स्थापना की एक परियोजना स्वीकृत की है, जिसकी कुल लागत 1047.20 लाख रू0 है, जिसमें 770.48 लाख रू0 अनुदान के रूप में तथा 161.40 लाख रू0 ऋण के रूप में तथा 115.32 लाख रू0 लाभार्थी अंश के रूप में सम्मिलित है। अनुदान की राशि का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से वहन किया जाता है। परियोजना के कार्यान्वयन हेतु मार्च, 2010 तक कुल 616.80 लाख रू0 (462.60 लाख रू0 केन्द्रीय भाग तथा 154.20 लाख रू0 राज्य भाग) निर्मुक्त किये जा चुके है तथा 434.60 लाख रू0 व्यय किये जा चुके हैं। 217 हाईड्रेम स्थापित कर दिये गये हैं । भारत सरकार तथा राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि इस विशेष परियोजना के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से 333 हाईड्रेम स्थापित कर परियोजना का कार्य समाप्त कर दिया जाएगा।

जिलावार स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना की विशेष परियोजना के अन्तर्गत 31 मार्च 2011तक भौतिक एवं वित्तीय स्थिति तथा हाईड्रैमों की स्थापनाः–

क्र0 स0	मद	बिलासपुर	चम्बा	हमीरपुर	कांगड़ा	किन्नौर	कुल्लू	लाहौल–स्पिति	मण्डी	शिमला	सिरमौर	सोलन	ऊना	कुल
1.	हिमऊर्जा द्वारा स्थापित हाईड्रैम	25	19	1	15	1	5	0	95	6	14	32	2	217
2.	एरिया कवर्ड (हैक0में)	31.05	10.00	--	80-0	--	--	--	288-0	--	0.97	54.00	5.76	470.23
3.	लाभान्वित व्यक्ति	81	35	--	64	--	--	--	901	--	5	54	22	1162
4.	हाईड्रैम क्रय करने पर कुल व्यय (लाख रूपये)	हिमऊर्जा द्वारा 262 हाईड्रैम 96000/– रू0 प्रति हाईड्रैम की दर से क्रय किये												251.52
5.	हाईड्रैम स्थापित करने पर कुल व्यय (लाख रूपये)													96.80
6.	रज्जु मार्ग स्थापित करने पर कुल व्यय (लाख रूपये)													81.28
7.	कुल व्यय	(लाख रूपये)												434.60
8.	लाभार्थी अंश	लाभार्थी अंश मजदूरी के रूप में अदा करना, यदि लाभार्थी मजदूरी न कर सके तो लाभार्थी अंश नकद राशि के रूप में भी अदा कर सकते है।												



(ख) रज्जु मार्गो का निर्माण

इसके इलावा 100 लाख रू0 जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मण्डी शिमला, सिरमौर, सोलन और किन्नौर में रज्जु मार्ग के निर्माण हेतु प्रदान किये जा चुके हैं, जिसकी 31 मार्च, 2011, तक की प्रगति निम्न प्रकार से है:—

क्र0सं0	जिला का नाम	निर्मुक्त की गई राशि (लाख रू0 में)	निर्मित रज्जु मार्ग	लम्बाई मीटर में	व्यय (लाख रू0 में)
1.	शिमला	25.00	1	2100	21.74
2.	मण्डी	40.00	6	5711	33.08
3.	सिरमौर	15.00	7	4000	16.46
4.	सोलन	15.00	3	3500	10.00
5	किन्नौर	5.00	0	0	5.00
कुल		**100.00**	**17**	**15311**	**86.28**

(ग) ग्रामीण वस्तुओं का विपणन

भारत सरकार द्वारा स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विशेष परियाजना के तहत हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण वस्तुओं के विपणन की एक योजना स्वीकृत की है, जिसकी कुल लागत 914.52 लाख रू0 है, जिसमें 769.52 लाख रू0 अनुदान के रूप में तथा 145.00 लाख रू0 ऋण के रूप में सम्मिलित हैं। अनुदान की राशि का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से वहन किया जाता है। इस परियोजना के तहत प्रदेश में 50 हिमाचल ग्रामीण भण्डारों तथा एक केन्द्रीय ग्रामीण भण्डार का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था।

इस परियोजना के कार्यान्यन हेतु मु0 384.76 लाख रू0 (मु0 288.57 लाख रू0 केन्द्रीय अंष तथा मु0 96.19 लाख रू0 राज्य अषं) निर्मुक्त किये गये हैं।

मार्च, 2011, तक 24 ग्रामीण भण्डारों का कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 8 ग्रामीण भण्डारों का कार्य प्रगति पर है और एक ग्रामीण भण्डार का कार्य अभी शुरू किया जाना है। इस प्रक्रिया में मु0 353.56 लाख रू0 व्यय किये जा चुके हैं।

(घ) <u>गोल्ड माइन्ज़ परियोजना (जिला बिलासपुर में)</u>

भारत सरकार द्वारा जिला बिलासपुर के लिए 840.35 लाख रू0 की लागत की ''गोल्ड माइन्ज़'' नाम की एक परियोजना स्वीकृत की गई है, जिसमें 327.76 लाख रू0 अनुदान के रूप में तथा 512.59 लाख रू0 ऋण के रूप में सम्मिलित हैं। अनुदान की राशि का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से वहन किया जाता है। इस परियोजना के तहत 3 मुख्य गतिविधियां, पुष्प उत्पादन, रेशम उत्पादन तथा मशरूम उत्पादन शामिल है।

इस परियोजना के कार्यान्यन हेतु मु0 262.208 लाख रू0 (मु0 196.656 लाख रू0 केन्द्रीय अषं तथा मु0 65.552 लाख रू0 राज्य अषं) निर्मुक्त किये गये हैं।

मार्च, 2011, तक इस परियोजना पर मु0 277.259 लाख रू0 व्यय जा चुके हैं तथा 803 लाभार्थियों को पुष्प उत्पादन, रेशम उत्पादन तथा मशरूम उत्पादन के तहत लाभान्वित किया जा चुका है।

(ड.) <u>मिल्च लाइव स्टॉक इम्प्रूवमैण्ट प्रोजेक्ट(जिला सोलन में)</u>

भारत सरकार द्वारा जिला सोलन के लिए 886.95 लाख रू0 की लागत की एक ''मिल्च लाइव स्टॉक इम्प्रूवमैण्ट'' नामक की एक परियोजना स्वीकृत की गई है, जिसमें 715.15 लाख रू0 अनुदान के रूप में तथा 171.80 लाख रू0 ऋण के रूप में शामिल हैं। अनुदान की राशि का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से वहन किया जाता है। इस परियोजना के अधीन दुग्ध उत्पादन गतिविधियों को विकसित किया जाएगा। अभी तक इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु जिला सोलन को मु0 572.104 लाख रू0, जिसमें मु0 429.084 लाख रू0 केन्द्रीय भाग तथा मु0 143.02 लाख रू0 राज्य भाग के रूप में, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सोलन को 31 मार्च, 2011 तक निर्मुक्त किये जा चुके हैं।

मार्च, 2011, तक इस परियोजना पर मु0 600.456 लाख रू0 व्यय जा चुके हैं तथा 23964 लाभार्थियों को दुग्ध उत्पादन गतिविधियों के तहत लाभान्वित किया जा चुका है।

(च) <u>कृषि में विविधिकरण द्वारा ग्रामीण विकास (जिला मण्डी में)</u>

भारत सरकार द्वारा जिला मण्डी के लिए 1385.32 लाख रू0 की लागत की एक ''कृषि में विविधिकरण द्वारा ग्रामीण विकास'' नामक एक परियोजना स्वीकृत की गई है, जिसमें 1204.00 लाख रू0 अनुदान के रूप में तथा 181.32 लाख रू0 ऋण के रूप में

सम्मिलित हैं। अनुदान की राशि का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से वहन किया जाता है। इस परियोजना के अधीन निम्नलिखित गतिविधियों को विकसित किया जाएगा।

1. औषधिय पौधों की खेती, सुगंधित पौधे, फूल तथा औरकिड्स
2. रेशम उत्पादन
3. पषुपालन में अभिनव अभ्यास।

अभी तक इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु जिला मण्डी को मु0 963.20 लाख रू0 उपलब्ध करवाये गये हैं, जिसमें मार्च 2011, तक मु0 873.30 लाख रू0 व्यय किये जा चुके हैं। पुष्प दवा तथा ऐरोमैटिक पौध उत्पादन, घटक के अन्तर्गत 10 पॉली हाऊसों का निर्माण किया गया है। एक टिशू कल्चर प्रयोगशाला चौंतड़ा में स्थापित कर दी गई है, और एक एकस्ट्रेक्शन यूनिट भी सौली खड्ड में निर्माण कर दिया गया है। रेशम उत्पादन घटक के अन्तर्गत 3 तकनीकी सेवा केन्द्रों ओर 3 नर्सरी (रोपणी) की स्थापना की जा चुकी है। दुग्ध उत्पादन घटक के अन्तर्गत 105 केन्द्रों, जिनमें कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा नहीं थी, को यह सुविधा दे दी गई है।

(छ) सैल्फ रिलाइन्स थ्रू सैरिकल्चर एण्ड डेयरी डवैल्पमैंट (जिला हमीरपुर में)

भारत सरकार द्वारा जिला हमीरपुर के लिए 1499.981 लाख रू0 की लागत से ''सैल्फ रिलाइन्स थ्रू सैरिकल्चर एण्ड डेयरी डवैल्पमैंट '' नामक एक परियोजना स्वीकृत की गई है, जिसमें 980.98 लाख रू0 अनुदान के रूप में तथा 519.00 लाख रू0 ऋण के रूप में सम्मिलित हैं।

अनुदान की राशि का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से वहन किया जाता है। इस परियोजना के अधीन निम्नलिखित गतिविधियों को विकसित किया जा रहा है।

1. सैरिकल्चर
2. डेयरी डवैल्पमैंट

अभी तक इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु जिला हमीरपुर को 902.187 लाख रू0 उपलब्ध करवाये गये हैं, जिसमें से मार्च, 2011 तक मु0 848.11 लाख रू0 व्यय किये जा चुके है। 100 स्वयं सहायता समूहों को सैरिकल्चर के तहत सहायता प्रदान की जा चुकी है परियोजना के अन्तर्गत किसानों को चारा बीज और मिनरल मिक्सर भी प्रदान किये गए है और ट्रेनिंग कैम्पों का आयोजन भी किया गया है।

(ज) <u>ग्रीन गोल्ड (जिला चम्बा में)</u>

भारत सरकार द्वारा जिला चम्बा के लिए 1488.73 लाख रू0 की लागत से ''ग्रीन गोल्ड'' नाम की एक परियोजना स्वीकृत की गई है जिसमें 1361.23 लाख रू0 अनुदान के रूप में तथा 127.50 लाख रू0 ऋण के रूप में सम्मिलित हैं। अनुदान की राशि का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से वहन किया जाता है। इस परियोजना के अधीन निम्नलिखित गतिविधियों को विकसित किया जा रहा है।

1. कल्टीवेशन ऑफ मैडिसिनल प्लान्टस, फूल तथा औरकिड्स
2. गैर मौसमी सब्जी उत्पादन
3. मशरूम उत्पादन
4. इम्प्रूव्ड डेरी मैनेजमैंट

अभी तक इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु जिला चम्बा को 1281.005 लाख रू0 उपलब्ध करवाये गये हैं, जिसमें से मार्च, 2011 तक मु0 1005.72 लाख रू0 कल्टीवेशन ऑफ मैडिसिनल प्लान्टस, फूल तथा औरकिड्स, गैर मौसमी सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, इम्प्रूव्ड डेरी मैनेजमैंट के तहत व्यय किये जा चुके हैं। अभी तक 6 नर्सरियां स्थापित की गई है। बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन हेतु 200 स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मशरूम उत्पादन के अन्तर्गत 550 स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित किया गया है। इम्प्रूव्ड डेरी मैनेजमैंट परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न ट्रेनिंगों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है और 339 स्वयं सहायता समूहों को चारा बीज भी प्रदान किए जा चुके हैं।

(झ) <u>इन्टैन्सिव डेयरी डवैल्पमैंट (जिला कांगड़ा)</u>

भारत सरकार द्वारा जिला कांगड़ा के लिए 1301.25 लाख रू0 की लागत से इन्टैन्सिव डेयरी डवैल्पमैंट'' नाम की एक परियोजना स्वीकृत की गई है, जिसमें 1151.40 लाख रू0 अनुदान के रूप में तथा 149.85 लाख रू0 ऋण के रूप में सम्मिलित हैं। अनुदान की राशि का भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 की वित्तीय भागीदारी से वहन किया जाता है। इस परियोजना के अधीन डेयरी डवैल्पमैंट की गतिविधियों को बढ़वा दिया जा रहा है । अभी तक इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु 921.12 लाख रू0

(मु0 690.84 लाख रू0 केन्द्र का भाग तथा मु0 230.28 लाख रू0 राज्य का भाग) निर्मुक्त किये गये हैं, जिसमें से मार्च, 2011 तक मु0 751.85 लाख रू0 व्यय किये जा चुके है।

(ञ) <u>कल्टीवेषन, वेल्यू एडिषन प्रासेसिंग, मार्केटिंग आफ मैडिसीनल एण्ड एरोमैटिक प्लान्टस</u> (राज्य विषेष)

भारत सरकार द्वारा स्वर्ण जयतीं ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विषेष परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेष में ''कल्टीवेषन, वेल्यू एडिषन, प्रासेसिंग मार्केटिंग आफ मैडिसीनल एण्ड एरोमैटिक प्लान्टस '' नाम की एक परियोजना स्वीकृत की गई है जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

स्वीकृति की तिथि	25.09.2006
परियोजना अवधि	5 वर्ष
कुल लागत	मु0 1448.35 लाख रू0
केन्द्रीय भाग	मु0 1086.25 लाख रू0
राज्य भाग	मु0 362.10 लाख रू0
<u>निर्मुक्त धन राषि</u>	
केन्द्रीय भाग	मु0 225.46 लाख रू0
राज्य भाग	मु0 75.15 लाख रू0
प्रस्तावित लाभार्थी	18750

वर्तमान में यह परियोजना 24 विकास खण्डों मषोबरा, रामपुर, चिड़गांव, पांवटा, पच्छाद, बंजार, कुल्लू , कल्पा, पूह, अम्ब, सोलन, राजगढ़, घुमारवीं, बिलासपुर सदर, बमसन, बिझड़ी, बैजनाथ, पंचरूखी, फतेहपुर, काजा, केलांग, तीसा, भरमौर और सलूणी में चलाई जा रही है। गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे परिवारों के उत्थान हेतु इस परियोजना के अर्न्तगत निम्न औषधीय एवं पुष्प पौधे प्रदान किए जा रहे है।

1. Aconitum.
2. Heterophyllim
3. Atis
4. Geranium
5. Tinospora Cordifolla
6. Rose marinus
7. Lavender
8. Glycirrhiza glabra

31–3–2011 तक कुल व्यय **मु0 167.15 लाख रू0**

परियोजना के अन्तर्गत 3873 किसानों को उपरोक्त श्रेणियों के अन्तर्गत 9.22 लाख पौधे वितरित किए गए हैं। 1494 पॉलीहाउस स्थापित किये गये हैं तथा 5023 किसानों को 101 प्रषिक्षण कैम्पों के माध्यम से प्रषिक्षण दिया गया है। परियोजना के अन्तर्गत 1477

किसानों को 14.77 लाख रूपये अनुदान के रूप में प्रदान किये गये है। परियोजना के अन्तर्गत अब तक 4181 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है।

(ट) हिमकाॅन द्वारा तैयार की गई कौषल विकास (Skill Development) परियोजना।

कुल परियोजना लागत	117.00 लाख रूपये
परियोजना अवधि	2 वर्ष
लक्ष्ति समूह	1700 ग्रामीण बी0पी0एल0 युवक
केन्द्र व राज्य सरकार की भागीदारी	75:25
चिन्हित व्यवसाय	:Pharmaceutical, Textile, Heavy Engineering, Light Engineering, Tourism and Hydropower
रोजगार गारण्टी	75 प्रतिषत

परियोजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्रथम किष्त के रूप में 21.94 लाख रूपये तथा राज्य सरकार द्वारा 7.31 लाख रूपये निर्मुक्त करवाये जा चुके हैं। वर्तमान में इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु 29.253 लाख रूपये उपलब्ध है। योजना के अन्तर्गत कुल 435 युवाओं को नामांकित किया गया है जिनमें से 300 युवाओं को प्रषिक्षण प्रदान करवाया गया और 297 युवाओं को रोजगार भी प्रदान करवाया जा चुका है।

ठ) **हमीरपुर जिला के लिए आई0टी0एफ0टी0 षिक्षा समूह द्वारा तैयार की गई कौषल विकास (Skill Development) परियोजनाः**

कुल परियोजना लागत	226.68 लाख रूपये
परियोजना अवधि	एक वर्ष
केन्द्र भाग 75 प्रतिषत	170.01 लाख रूपये
आई0टी0एफ0टी0 भाग 25 प्रतिषत	57.67 लाख रूपये
लक्षित समूह	2000 ग्रामीण बी0पी0एल0 युवक
चिन्हित व्यवसाय	संचार, कम्पयूटर, उपभोक्ता सेवा, फ्रट औफिस प्रबन्धन, हास्पीलिटी, होटल मैनेजमैंट, ब्यूटी एवं हैल्थ मैन्यूफैक्चरिंग, आईटीईएस/बीपीओ।

परियोजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा 42.50 लाख रूपये प्रथम किष्त के रूप में निर्मुक्त किये जा चुके है। परियोजना के अन्तर्गत कुल 552 युवाओं को नामांकित किया गया है तथा प्रषिक्षण प्रदान करवाया गया और 499 युवाओं को रोजगार भी प्रदान करवाया जा चुका है।

(ड) रूरल हाट (**Rural Haat**) परियाजना (राज्य विषेष)

गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे परिवारों के ग्रामीण दस्तकारों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री हेतु उचित विपणन सुविधा के सृजन के उद्धेष्य से भारत सरकार ने गांव, जिला एंव राज्य स्तर पर हाट निर्माण हेतु परियोजना स्वीकृत की है।

हाटस की लागत निम्न प्रकार से हैः—

गांव हाट	:	15.00 लाख
जिला हाट	:	150.00 लाख
राज्य हाट	:	300.00 लाख

गांव हाट :—

प्रत्येक जिला में 3 गांव हाट और एक जिला हाट का निर्माण करना प्रस्तावित है। भारत सरकार ने 36 गांव हाट के लिए मु0 16.875 लाख रू0 प्रति हाट के रुप में कुल 202.50 लाख रू0 निर्मुक्त कर दिए हैं। राज्य सरकार ने भी राज्य हिस्से की राषि मु0 5.625 लाख रू0 प्रति हाट के रुप में कुल 67.50 लाख रू0 निर्मुक्त कर दिए हैं। समस्त जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हिमाचल प्रदेष ने निर्माण स्थलों का चयन कर लिया है और निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

जिला हाट :—

जिला हाट के निमार्ण हेतु प्रस्तावनाएं जिला किन्नौर, मण्डी, षिमला और सोलन की भारत सरकार अनुमोदन हेतु प्रेषित की जा चुकी हैं। भारत सरकार से अनुमोदन सूचना प्राप्त होनी शेष है।

राज्य हाट :—

भूमि चयन कर प्रक्रिय प्रगति पर है।

4 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

भारत सरकार द्वारा सितम्बर 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को अधिसूचित किया गया तथा 2 फरवरी 2006 को इसे लागू किया गया। प्रदेष में प्रथम चरण में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को जिला चम्बा तथा जिला सिरमौर में 2 फरवरी, 2006 को लागू किया गया। द्वितीय चरण में इस योजना को जिला मण्डी तथा जिला कांगड़ा में लागू किया गया तथा तीसरे चरण में शेष आठ जिलों में 1 अप्रैल, 2008 से इस योजना को लागू कर दिया गया है।

मुख्य लक्ष्य :–

इस अधिनियम में ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका की सुरक्षा को प्रत्येक ऐसे परिवारों को जिसके व्यस्क सदस्य अकुषल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते है, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों का गारंटीयुक्त मजदूरी रोजगार उपलब्ध करवाने का प्रावधान है।

2. योग्यता :–

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत सभी पंजीकृत परिवार मजदूरी प्राप्त करने का हकदार हैं। प्रत्येक परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों का वैतनिक रोजगार उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। 100 दिनों का रोजगार एक वित्तीय वर्ष में परिवार के बीच में बांटा जा सकता है।

सभी व्यस्क सदस्य पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए वह :–

क ग्राम पंचायत का स्थानीय निवासी होना चाहिए।

ख स्वेच्छा से अकुशल कार्य करने का इच्छुक हो।

ग स्थानीय ग्राम पंचायत में आवेदन कर सकता है।

3. पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र और जॉब कार्ड जारी करना :–

